# M.Tech. + Ph.D. (Dual Degree) पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु नियम व दिशा–निर्देश

**विषयः** सत्र 2025–26 के लिए M.Tech. + Ph.D. (Dual Degree) in [Computer Science & Information Technology, Electronics and Communication Engineering, Electronics and Instrumentation Engineering, Electrical Engineering के Power System & Renewable Energy, Control & Automation, Mechanical Engineering के Thermal Engineering, Industrial & Production Engineering, Machine Design Engineering] में ऑनलाइन पंजीकरण के माध्यम से होने वाले प्रवेश हेतु नियम व दिशा निर्देशः

समस्त प्रवेश नियमानुसार एवं दिशा निर्देशों का पालन करते हुए विश्वविद्यालय में ऑफलाइन काउंसलिंग द्वारा संपन्न किए जाएंगे। प्रवेश प्रक्रिया निम्नवत होगीः

1. प्रवेश प्रक्रिया पूर्णतः, पारदर्शी, शुचितापूर्ण तथा उत्तर प्रदेश सरकार एवं विश्वविद्यालय के नियमों/परिनियमों का पालन करते हुये एवं आरक्षण सम्बन्धी दिशा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करते हुये सम्पादित करेगें।
2. छात्र–छात्राओं को प्रथमतः "https://mjpruadm.samarth.edu.in/index.php" लिंक पर प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन कराना होगा। रजिस्ट्रेशन शुल्क रू. 950/– प्रति पाठ्यक्रम (रू. 150 पंजीकरण शुल्क + रू. 800 प्रवेश परीक्षा शुल्क) के साथ अंतिम तिथि तक जमा करना होगा, विद्यार्थी एक से अधिक पाठ्यक्रम में आवेदन कर सकते हैं।
3. उक्त पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु छात्र–छात्राओं को निम्नलिखित अर्हत्ता पूर्ण करनी होगी।

| क्रम सं. | पाठ्यक्रम (प्रथम सेमेस्टर) | अर्हत्ता |
|---|---|---|
| 1. | M.Tech. + Ph.D. (Dual Degree)<br>• Computer Science & Information Technology<br>• Electronics and Communication Engineering<br>• Electronics and Instrumentation Engineering<br>• Electrical Engineering<br>*(Power System & Renewable Energy, Control & Automation)*<br>• Mechanical Engineering<br>*(Thermal Engineering, Industrial & Production Engineering, Machine Design Engineering)* | *B.E./B.Tech. or equivalent degree of Engineering with relevant specialization with minimum 60% marks for Gen/OBC (55% marks for SC/ST and OBC(NCL) or equivalent grade from a recognized university/institute.*<br><br>*OR*<br><br>*M.Sc. (Physics) with specialization in Electronics and other relevant fields with minimum 60% marks (for GEN/OBC) and 55% marks for SC/ST and OBC(NCL) or equivalent grade from recognized university/institute.* |

4. पंजीकृत विद्यार्थी को प्रवेश प्रक्रिया में शामिल होना होगा। प्रवेश प्रक्रिया सम्बन्धित विषय के GATE सिलेबस पर आधारित होगी। प्रवेश परीक्षा 50 नम्बर की होगी, जिसमें 45 MCQ, GATE पाठ्यक्रम से होंगे, तथा 5 प्रश्न शोध एप्टीट्यूड के होंगे। परीक्षा उत्तीर्ण करने हेतु सामान्य/ओ0बी0सी0 छात्रों को 50% तथा एस0सी0/एस0टी0, ओ0बी0सी0 (एन0सी0एल0) को 45% अंक प्राप्त करने होंगे। प्रायोजित अभ्यर्थी जिन्होंने GATE/NET क्वालीफाई नहीं किया है, उन्हें परीक्षा में सम्मिलित होना होगा। प्रवेश परीक्षा में कुल 50 प्रश्न होंगे एवं परीक्षा की अवधि 01 घण्टे की होगी।
5. ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के उपरांत छात्र–छात्राओ को ऑफलाइन काउंसलिंग के द्वारा प्रवेश प्रक्रिया संपूर्ण करनी होगी।
6. Engineering विभाग के M.Tech. + Ph.D. (Dual Degree) में प्रवेश, प्रवेश परीक्षा, साक्षात्कार व अर्हता डिग्री की मेरिट के अनुसार संपन्न होंगे।

| | | |
|---|---|---|
| a | प्रवेश परीक्षा | क्वालीफाई करना होगा। |
| b | साक्षात्कार | 50% Weightage |
| c | अकादमिक स्कोर | 50% Weightage |

7. मेरिट लिस्ट उपरोक्त criteria (b) एवं (c) के अनुसार प्रवेश परीक्षा के रिजल्ट घोषित होने के उपरान्त बनायी व घोषित की जायेगी। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा घोषित आरक्षण लाभ अभ्यर्थियों को देय होगा। यदि मेरिट में आने वाला अभ्यर्थी यदि प्रवेश नहीं लेता है तो प्रतीक्षा सूची से मेरिट अनुसार अगले अभ्यर्थी को सीट आवंटित कर दी जाएगी।
8. मेरिट सूची काउंसलिंग में प्रदर्शित होने के उपरांत प्रवेश हेतु छात्र–छात्राओं को उसी दिन सारे संबंधित दस्तावेज जांच कराने के उपरांत छाया प्रति जमा करनी होगी। तत्पश्चात् निर्धारित फीस जमा करने के उपरांत सीट पर प्रवेश प्रक्रिया संपूर्ण करनी होगी
9. ओ0बी0सी0 (एन0सी0एल0) का सर्टिफिकेट 01.07.2022 से पहले का बना हुआ मान्य नहीं होगा।
10. विश्वविद्यालय तथा उत्तर प्रदेश शासन द्वारा समय–समय पर लिए गए पाठ्यक्रम से संबंधित निर्णय मान्य होंगे।